----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रेस विज्ञप्ति / Press Release** **5 फ़रवरी / February, 2020**

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

# सिडबी द्वारा अहमदाबाद में स्वावलंबन मेले का आयोजन
## SIDBI organizes Swavalamban Mela in Ahmedabad

इस पहल का उद्देश्य लघु उद्यमियों की क्षमता का निर्माण करके उन्हें वित्तीय रूप से साक्षर बनाते हुए ऋण और बाजार से जोड़ना है।

Initiative aimed at providing credit connect, market connect, financial literacy and capacity building for small entrepreneurs

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास में संलग्न शीर्ष संस्था भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने अहमदाबाद हाट, वस्त्रपुर, अहमदाबाद में स्वावलंबन मेले का आयोजन किया। यह उपक्रम मिशन स्वावलंबन के तहत सिडबी की ओर से एक और पहल है तथा इसका उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमियों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए एक विपणन मंच प्रदान करना है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the principal financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small & Medium Enterprises (MSMEs), has organised Swavalamban Mela in Ahmedabad Haat, Vastrapur, Ahmedabad. The event is yet another initiative of SIDBI under Mission Swavalamban and is aimed at providing a marketing platform to micro entrepreneurs to sell their products.

सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा, आईएएस, ने बुधवार को इस अवसर पर कहा, "यह पहल हमारे सिडबी विजन 2.0 का एक हिस्सा है। आकांक्षी भारत को सिडबी द्वारा स्वावलंबन के माध्यम से रोजगार सृजनकर्ता के रूप में प्रेरित किया जा रहा है। इस मेले की विशिष्टता क्रेडिट कनेक्ट, मार्केट कनेक्ट, वित्तीय साक्षरता, डिज़ाइन कनेक्ट और इसी तरह का मिश्रण है। हम समग्र भारत में सूक्ष्म उद्यमों के फलक को और विस्तृत बनाने का इरादा रखते

हैं और क्षमता निर्माण के माध्यम से विकास की ओर उड़ान भरते हुए उद्यमियों की आकांक्षाओं को विस्तार दे रहे हैं।"

Speaking on the occasion, Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman and Managing Director, SIDBI, on Wednesday said, "This initiative is a part of our SIDBI Vision 2.0. SIDBI is poised to inspire the aspirational India, the Swavalamban way i.e. being job creators. The uniqueness of this mela is a blend of credit connect, market connect, financial literacy, design connect and so on. We intend to widen the horizon of micro enterprises pan India and enable them to enhance their aspirations by taking next leap of growth through capacity building."

सिडबी ने वित्तीय साक्षरता प्रदान करने और क्रेडिट कनेक्ट में मदद करने के उद्देश्य से फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ हाथ मिलाया है। इसके अलावा, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी अपने संकाय और छात्रों के माध्यम से भी इसमें भाग ले रहा है ताकि प्रतिभागियों को डिजाइन निविष्टि के विस्तार में मदद मिल सके।

With a view to impart financial literacy and help in credit connect, SIDBI has joined hands with Fincare Small Finance Bank. Besides, National Institute of Fashion Technology is also participating through its faculty and students to help and encourage the participants by way extending design inputs.

गुजरात भर से 50 से अधिक कलाकारों को उनके विस्मयकारी दस्तकारी संग्रह के साथ एक छत के नीचे लाया गया है, जिसमें मिट्टी के बर्तन, कढ़ाई, क्रोशिया शिल्प, पेंटिंग, कपड़े पर हस्त-कढ़ाई, लकड़ी की नक्काशी, पिपली का काम, आभूषण, चमड़े के बैग, पर्स, बेल्ट, वस्त्र, हस्तनिर्मित आभूषण, तोरण, हाथ से बनी कृर्तियां, आदि शामिल हैं।

Over 50 plus artists from all across Gujarat have been brought under one roof with their awe-inspiring handcrafted collection including pottery, embroidery, crocia craft, painting, textile hand embroidery, wood carving, applique work, jewellery, leather bags, wallets, belt, garments, handmade jewellery, toran, handcrafted kurtis, etc.

मिशन स्वावलंबन के तहत सिडबी, सूक्ष्म उद्यमों और सूक्ष्म उद्यमियों विशेषत: कारीगरों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बाजारों में निवेश, पहुंच और बाज़ारों की समझ हासिल करने हेतु इन उद्यमियों की मदद करने के उद्देश्य से देश भर में अन्य विभिन्न स्थानों पर स्वावलंबन मेले का आयोजन कर रहा है। मेले का उद्देश्य आकांक्षी युवाओं के बीच उद्यमशीलता के बीज बोना है, ताकि ये उद्यमी प्रदर्शकों के बीच में से अपने रोल मॉडल को चुनकर, एक उद्यमी के रूप में विकसित होने का प्रयास कर सकते हैं। इससे पिरामिड के आधार-तल पर स्थित ये सूक्ष्म उद्यम,

उद्यम पारितंत्र की जानी-माने हस्तियों के साथ जुड़ेंगे और बाजार की गतिशीलता को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

Under the Mission Swavalamban, SIDBI is organizing Swavalamban Mela at various other locations across the country with an objective to provide a platform to micro enterprises and micro enterprises especially artisans to showcase their products and to help these entrepreneurs in getting exposure, accessing and understanding of markets. The mela aims at sowing the seeds of entrepreneurship amongst aspirant youth who can identify the role models among these exhibitors and endeavor to evolve as an entrepreneur. These micro enterprises at the bottom of the pyramid shall connect with who's who of enterprise ecosystem and understand market dynamics the better way.

**सिडबी के बारे में**: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

**About SIDBI:** Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. To know more, check out: https://www.sidbi.in

**मीडिया संपर्क:** नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई मेल: neelasrib@sidbi.in
**Media contact:** Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in